अमर उजाला

मां ब्रह्मचारिणी

बरेली शुक्रवार, 20 मार्च 2026

FRONT BACK PAGE : MIDDLE

विविध

खेल : भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान पर दो दिवसीय खेल महोत्सव सुबह 9 बजे से।

PAGE NO :08 BOTTOM

खो-खो : पुरुष वर्ग में सीईटीआर, महिला में सीईटी की टीम विजेता

एसआरएमएस में वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 का हुआ आगाज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 का बृहस्पतिवार को एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फुटबॉल मैदान पर शुभारंभ हुआ। खो-खो के पुरुष वर्ग फाइनल मुकाबले में सीईटीआर ने आईएमएस को हराया। महिला वर्ग में सीईटी विजेता बना।

बास्केटबॉल में सीईटी और आईएमएस, फुटबॉल में भी सीईटी और आईएमएस और वॉलीबॉल के पुरुष व महिला वर्गों में यही टीमें फाइनल में पहुंचीं। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग में सीईटी और आईएमएस व महिला वर्ग में सीईटी और सीईटीआर की टीमें फाइनल में पहुंचीं।

कैरम प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सीईटीआर और आईबीएस व महिला वर्ग में आईबीएस और सीईटी ने अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई किया। शतरंज में सीईटी और आईएमएस की टीमों ने शुरुआती मुकाबले जीतकर फाइनल चरण में स्थान सुनिश्चित किया।

मुकाबलों से पूर्व ऋचा मूर्ति ने मशाल प्रज्ज्वलित कर खेलों की शुरुआत की। पहले दिन कुल 17 स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। आमोद-2026 की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी दिव्यांशी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। समारोह में टायरो क्लब के प्रेसिडेंट स्वास्तिक ने कहा कि आमोद केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है।

सेक्रेटरी प्राची शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन इवेंट कोऑर्डिनेटर सदफ रसूल ने किया। इस अवसर पर देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मधु माहेश्वरी, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। संवाद

बॉस्केटबॉल के मुकाबले में भिड़ते खिलाड़ी। स्रोत : एसआरएमएस